यह निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण निर्माण विभाग, विकास भवन परिसर, प्रखण्ड- नैनीताल (स्थित भीमताल) द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार किया गया है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण निर्माण विभाग, विकास भवन परिसर, प्रखण्ड- नैनीताल (स्थित भीमताल) के माह 01/2018 से 12/2018 तक के लेखा-अभिलेखों की लेखापरीक्षा पर आधारित निरीक्षण प्रतिवेदन श्री संजय कुमार, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी तथा श्री अनिल कुमार, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा श्री एस. के. जौहरी, लेखापरीक्षा अधिकारी के पूर्ण पर्यवेक्षण में दिनांक 14.01.2019 से 24.01.2019 तक सम्पादित की गयी।

## **भाग-I**

**1). परिचयात्मकः** इस इकाई की विगत लेखापरीक्षा श्री पवन कुमार एवं श्री गौरव पंत, व. लेखापरीक्षक एवं श्री शरत श्रीवास्तव, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 18.01.2018 से 23.01.2018 एवं दिनांक 12.02.2018 से 19.02.2018 तक श्री सुनील कल्ला, व. लेखापरीक्षा अधिकारी के पूर्ण पर्यवेक्षण में सम्पादित की गयी थी। जिसमें माह 11/2016 से 12/2017 तक के लेखा-अभिलेखों की जांच की गयी थी।

**2). (i). इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्रः** विभाग का सृजन ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग के नाम से सन 1972 में हुआ। उत्तर प्रदेश से विभाजित उत्तराखण्ड राज्य में ग्राम्य विकास विभाग के विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण कार्य का दायित्व विभाग को सौपा गया है। विभागीय पुनर्गठन के पश्चात ग्रामीण निर्माण विभाग के नाम से विभाग वर्तमान में विभिन्न विभागों के आवासीय / अनावासीय भवनों का निर्माण, नाबार्ड के अन्तर्गत स्वीकृत विभिन्न ग्रामीण मोटर मार्गों का निर्माण, पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण, दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त योजनाओं के पुनःनिर्माण एवं विभिन्न खेल मैदानों का निर्माण आदि कार्य जो सुदूर आँचलों में स्थित है, का निष्पादन करवाया जाता है।

**ii). (अ). विगत वर्षों में बजट आबंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैः**

**(रु लाख में)**

| वित्तीय वर्ष | स्थापना | | | गैर- स्थापना | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आवंटन धनराशि | व्यय धनराशि | बचत | प्रारम्भिक अवशेष | वर्ष के दौरान प्राप्ति | कुल प्राप्ति | व्यय | अवशेष |
| 2015-16 | 364.68 | 355.80 | 8.88 | 1764.18 | 1189.21 | 2953.39 | 1414.45 | 1538.94 |
| 2016-17 | 431.50 | 426.03 | 5.47 | 1538.94 | 656.12 | 2195.06 | 1133.20 | 1061.86 |
| 2017-18 | 503.38 | 499.35 | 4.03 | 1061.86 | 834.60 | 1896.46 | 699.68 | 1196.78 |
| 2018-19 (till 12.2018) | 561.65 | 442.25 | 119.40 | 1196.78 | 1107.47 | 2304.25 | 693.38 | 1610.87 |

**(ब)**. Autonomous Bodies की इकाइयों के विगत वर्षो में बजट आवंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैं:

**(रु लाख में)**

| वर्ष | लागू नही | लागू नही | लागू नही |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | | | |
| वर्ष के दौरान प्राप्तिया (क) केंद्रान्श (ख) राजयांश (ग) अन्य प्राप्तिया | | | |
| व्यय | | | |
| अंतिम शेष | | | |

**(स)**. केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरण निम्नवत हैः

**(रु लाख में)**

| वर्ष | | | --- | --- | --- | --- | --- |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक अवशेष | | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ | --- | | --- | --- | --- | --- | |
| | --- | | --- | --- | --- | --- | |
| | --- | | --- | --- | --- | --- | |
| कुल प्राप्तियाँ | | | --- | --- | --- | --- | --- |
| वर्ष के दौरान कुल व्यय | | | --- | --- | --- | --- | --- |
| अंतिम अवशेष | | | --- | --- | --- | --- | --- |

**iii).** विभिन्न विभागों से निक्षेप के रूप में प्राप्त धनराशि एवं राज्य सरकार द्वारा आवंटित धनराशि के व्यय को सम्मिलित करते हुए इकाई 'A' श्रेणी की है।

विभाग का संगठनात्मक ढांचा निम्नवत हैः-

**<u>तकनीकी संवर्ग 1).</u>** मुख्य अभियंता (स्तर – 1), 2).मुख्य अभियंता (स्तर- 2), 3). अधीक्षण अभियंता (परिमण्डलवार), 4). अधिशासी अभियंता (प्रखण्डवार), 5). सहायक अभियन्ता, 6).कनिष्ठ अभियन्ता, 7).मानचित्रकार

**<u>गैर-तकनीकी संवर्ग:</u> 1).** वित्त नियंत्रक, 2). खंडीय लेखाकार / खंडीय लेखाधिकारी, 3). प्रशासनिक अधिकारी, 4). वैयक्तिक सहायक, 5). प्रधान सहायक, 6). वरिष्ठ सहायक, 7). कनिष्ठ सहायक, 8). अनुसेवक

**iv). लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधिः** वर्तमान लेखापरीक्षा 01/2018 से 12/2018 तक की अवधि को आच्छादित करते हुए कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण निर्माण विभाग, विकास भवन परिसर, प्रखण्ड- नैनीताल (स्थित भीमताल) के लेखा-अभिलेखों की नमूना जांच के आधार पर की गयी। यह निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण निर्माण विभाग, विकास भवन परिसर, प्रखण्ड- नैनीताल (स्थित भीमताल) की लेखापरीक्षा में पाये गये निष्कर्षों पर आधारित है। माह 06/2018 को विस्तृत जांच हेतु चयनित किया गया। प्रतिचयन अधिकतम व्यय के आधार पर किया गया।

**v).** लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद- 149 के अधीन बनाये गये नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्ते) अधिनियम, 1971 (डी.पी.सी. एक्ट, 1971) की धारा 13; लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गयी।

**vi).** खण्ड के भण्डार लेखों की अर्धवार्षिक लेखा बन्दी तथा यंत्र संयंत्र लेखों की वार्षिक लेखाबन्दी क्रमश: माह ......... स्टॉक शून्य है ....... तथा 09/2018 तक की गई।

**vii).** फार्म 51: माह 12/2018 तक कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखण्ड, देहरादून को प्रेषित किया चुका है जिसके भाग प्रथम एवं द्वीतीय के अवशेष निम्नवत है:- (धनराशि रु में)

भाग प्रथम रु (-) 30,36,363.07

भाग द्वीतीय रु (+) 4,68,135.27

**viii).** खण्ड के उचंत लेखों के अवशेष माह 12/2018 के अन्त में (धनराशि रु में)

क). प्रकीर्ण निर्माण अग्रिम रु 10,19,292.86

ख). सामग्री क्रय रु.-  शून्य

ग).  नकद परिशोधन रु.- शून्य

घ). निक्षेप रु. 16,48,05,428.17

ड़). भण्डार रु. 4,92,607.50

## भाग-दो(ब)

**प्रस्तर:1- त्रुटिपूर्ण वेतन वृद्धि के फलस्वरूप रु 2.54 लाख का अधिक भुगतान।**

उत्तराखण्ड के शासन आदेश संख्या- 872/ XXVII/ (7) न० प्रति/ 2011 दिनांक 08 मार्च 2011 के संलग्नक 2.2(ii) के अनुसार "प्रथम एवं द्वितीय प्रोन्नतीय/ अगले वेतनमान के रूप में अनुमन्य वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन में संबन्धित पदधारक को अगली वेतन वृद्धि न्यूनतम 06 माह के उपरान्त पड़ने वाली पहली जनवरी/ जुलाई को ही देय होगी।" एवं शासन आदेश संख्या-27/ XXVII/ (7) (स्प-01)/ 2009 दिनांक 13 फरवरी 2009 के बिन्दु सं- 04 के अनुसार "नियुक्ति/ प्रोन्नति / उच्चीकारण की तिथि से कम से कम 6 माह का समय पूरा होने पर प्रथम वेतन वृद्धि देय होगी।" कार्यालय के अधिकारी/ कर्मचारियों की सेवापुस्तिकाओं की जांच में पाया गया कि कर्मचारियों/ अधिकारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि उक्त शासनादेश का उल्लंघन करते हुये प्रदान की गई। जिसका बिंदुबार विवरण निम्नवत था:-

1). अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, प्रखण्ड- नैनीताल के कार्यालय आदेश पत्रांक -4132/ एक-स्था०/ वित्तीय स्तरोनयन /2011-12 दिनाँक 14-10-2011 द्वारा श्री महेन्द्र सिंह, अपर सहायक अभियन्ता को 18 वर्षों की संतोषजनक सेवा के उपरान्त द्वितीय वित्तीय स्तरोनयन पी० बी०- 3 रु 15600-39100 ग्रेड वेतन 6600 के दिनाँक 01-09-2008 को स्वीकृति के फलस्वरूप दिनाँक 01-09-2008 को एक वेतनवृद्धि प्रदान करते हुये वेतन निर्धारण किया गया। उक्त शासनादेश अनुसार आगामी वार्षिक वेतनवृद्धि 01-07-2009 को प्रदत्त की जानी चाहिए थी परंतु श्री महेन्द्र सिंह को दिनाँक 01-01-2009 को वार्षिक वेतन वृद्धि प्रदान की गई जो कि अनियमित थी। इसी प्रकार, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड- उधम सिंह नगर के कार्यालय आदेश पत्रांक- 1796/ ग्रा०नि०वि०/ स्था०- अनु०/ 2015-16 दिनाँक 09 फरवरी 2018 द्वारा श्री महेन्द्र सिंह, अपर सहायक अभियन्ता को दिनाँक 26-12-2017 को ग्रेड पे 7600 से 8700 (लेवल 12 से 13) मे उच्चीकृत करते हुये दिनांक 26-12-2017 को वेतन निर्धारण किया गया। जिसके अनुसार आगामी वेतन वृद्धि दिनांक 01-07-2018 को दी जानी चाहिए थी परंतु श्री महेन्द्र सिंह को दिनाँक 01-01-2018 को वार्षिक वेतन वृद्धि प्रदान की गई जो कि अनियमित थी। जिसके परिणाम स्वरूप श्री महेन्द्र सिंह को 12/2018 तक रु 2,18,889/- का अधिक भुगतान किया गया। (अधिक भुगतान विवरण संलग्न).

2). अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, प्रखण्ड- नैनीताल के कार्यालय आदेश पत्रांक -4663/ एक-स्था०/ प्रोन्नत वेतनमान/ 2013-14 दिनाँक 12-03-2014 द्वारा श्री प्रदीप कुमार रावत , चालक को 18 वर्ष की सेवा पर दिनांक 01.02.2014 को ग्रेड वेतन 4200 स्वीकृत किए जाने के उपरांत दिनांक 01.02.2014 को एक वार्षिक वेतन वृद्धि प्रदान करते हुये वेतन निर्धारण किया गया। उक्त शासनादेश अनुसार आगामी वार्षिक वेतन वृद्धि दिनांक 01.01.2015 को दी जानी चाहिए थी। परन्तु श्री प्रदीप कुमार रावत, चालक को दिनांक 01-07-2014 को प्रदान की गई जो कि अनियमित थी, जिसके परिणाम स्वरूप श्री प्रदीप कुमार रावत को 12/2015 तक रु 11,585/- का अधिक भुगतान किया गया। (अधिक भुगतान विवरण संलग्न).

3). अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, पी०एम०जी०एस०वाई०, डीडीहाट (पिथौरागढ़) के कार्यालय आदेश पत्रांक- 35/ ग्रा०नि०वि०/ पी०एम०जी०एस०वाई०/ 2017-18 दिनाँक 10-04-2018 द्वारा श्री रमेश चन्द्र जोशी, सहायक अभियन्ता को दिनाँक 31-10-2017 को ग्रेड पे 7600 से 8700 (लेवल 12 से 13) मे उच्चीकृत करते हुये दिनांक 31-10-2017 को वेतन निर्धारण किया गया। जिसके अनुसार आगामी वेतन वृद्धि दिनांक 01-07-2018 को दी जानी चाहिए थी परंतु श्री रमेश चन्द्र जोशी, सहायक अभियन्ता को दिनाँक 01-01-2018 को वार्षिक वेतन वृद्धि प्रदान की गई जो कि अनियमित थी। जिसके परिणाम स्वरूप श्री रमेश चन्द्र जोशी, सहायक अभियन्ता को माह 12/2018 तक रु 23,754/- का अधिक भुगतान किया गया। (अधिक भुगतान विवरण संलग्न).

इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर इकाई ने अपने उत्तर में बताया कि श्री महेन्द्र सिंह, सहायक अभियन्ता; श्री प्रदीप कुमार रावत, चालक; श्री रमेश चन्द्र जोशी, सहायक अभियन्ता की वसूली जनवरी 2019 वेतन से कर ली जाएगी । इकाई का उत्तर स्वतः आपत्ति की पुष्टि करता है। अतः श्री महेन्द्र सिंह, सहायक अभियन्ता; श्री प्रदीप कुमार रावत, चालक एवं श्री रमेश चन्द्र जोशी, सहायक अभियन्ता को रु 2,54,228/- (2,18,889+11,585+23,754) का अधिक भुगतान किए जाने का प्रकरण प्रकाश में लाया जाता है।

## <u>भाग-दो(ब)</u>

**<u>प्रस्तर</u>-2:- धनराशि रु 36.64 लाख की धनराशि अवरुद्ध रखा जाना।**

वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड- 6 के नियम- 622 के अनुसार तीन वर्षों तक रोकी गई धनराशि का दावा न किये जाने पर अदावाकृत धनराशि को व्यपगत धनराशि के रूप में राजस्व खाते जमा कर दिया जाना चाहिए।

कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड- नैनीताल (भीमताल) की निक्षेप पंजिका भाग- द्वितीय एवं चतुर्थ के नमूना लेखापरीक्षा जाँच में पाया गया कि प्रखण्ड द्वारा संलग्नक (अ, ब) के अनुसार, माह 09/1990 से माह 06/2014 तक की धनराशि रु 14,14,668/- + 22,49,786/- संबंधितों द्वारा तीन वर्षो से अधिक समय से दावा न किए जाने के बावजूद राजस्व खाते में जमा किए जाने की कार्यवाही नहीं की गई थी। इस प्रकार कुल अदावाकृत धनराशि रु **36,64,454/-** लगभग 05 वर्ष से 28 वर्ष व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी लेखापरीक्षा के माह 12/2018 तक राजस्व में जमा न कराई गई।

इस सन्दर्भ में लेखापरीक्षा में इंगित किये जाने पर अधिशासी अभियंता ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार करते हुए कहा कि "*समय समय पर संबंधितों को विभिन्न माध्यमों से सूचित किया जाता रहा है। दावा न किए जाने के कारण उक्त धनराशियाँ अदावाकृत रह जाती हैं, नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।*" उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योकि 05 से 28 वर्ष से अधिक समय व्यतीत हो जाने के पश्चात भी धनराशियाँ रु 36,64,454/- अदावाकृत अवस्था में आपके प्रखण्ड में माह 12/2018 तक अवरुद्ध पायी गई।

अतः धनराशि रु 36.64 लाख की धनराशि अवरुद्ध रखे जाने का प्रकरण प्रकाश मे लाया जाता है।

## STAN

**प्रस्तर-1- रु.442.09 लाख की धनराशि को अनावश्यक रूप से अवरुद्ध रखा जाना।**

कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, नैनीताल की निक्षेप पंजिका भाग तीन का अवलोकन करने से ज्ञात हुआ कि बिभिन्न ग्राहक विभागो द्वारा निक्षेप कार्यो के अंतर्गत अपने विभाग हेतु आवश्यक निर्माण कार्यों को कराने हेतु कार्यदाई संस्था के रूप मे विभाग को धनराशि प्रदान की गयी थी । लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि ग्राहक विभागो द्वारा उक्त निर्माण कार्यों हेतु धनराशि 19 माह से लेकर 162 माह की अवधि पूर्व प्रदान की गयी थी परंतु विभाग द्वारा उक्त कार्यों को इतनी अवधि मे भी पूरा न कर अपूर्ण रखा गया था तथा उक्त कार्यों की धनराशि को अवरुद्ध रखा गया था जिससे भविष्य मे न सिर्फ इन निर्माण कार्यों की लागत बढ़ेगी बल्कि संबन्धित विभाग भी इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से मिलने वाले लाभ से वंचित थे । इन निक्षेप कार्यों के अंतर्गत 19विभागो के 144 निर्माणकार्यों (संलग्नक -1) की रु. 442.09लाख की धनराशि विभाग की लापरवाही के चलते लगभग 1.5 वर्ष से लेकर 13.5 वर्ष तक की अवधि से अवरुद्ध रखी गयी थी ।

लेखा परीक्षा द्वारा इस संबंध मे पूंछे जाने पर विभाग ने अपने उत्तर मे बताया कि कुछ कार्य प्रगतिरत हैं तथा कुछ कार्यों के अंतिम देयक प्रखण्ड मे लंबित हैं । पूर्ण हो चुके कार्यों की अवशेष धनराशि मे से विभागीय कंटिनजेंसी की गणना करने के पश्चात शेष धनराशि ग्राहक विभागों को वापस करने के प्रयास किए जाएंगे ,ग्राहक विभागों द्वारा धनराशि वापस न लिए जाने की स्थिति मे धनराशियों को राजस्व मे जमा करने की कार्यवाही की जाएगी । इकाई द्वारा उपलब्ध कराये गए तथ्यों को संज्ञान मे लिया गया परंतु इकाई का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि लेखा परीक्षा द्वारा वर्तमान मे निक्षेप पंजिका मे दर्ज आंकड़ो को आधार मानकर स्थिति का आंकलन किया गया है न कि भविष्य मे घटने वाली घटनाओं के आधार पर ग्राहक विभागों द्वारा 1.5 वर्ष से लेकर 13.5 वर्ष तक की अवधि पूर्व ही धनराशि उपलब्ध करा दी थी जो की निर्माण कार्यों को करने के लिए पर्याप्त समय से भी अधिक था यदि कुछ कार्यों को किया जाना संभव नहीं था या जिन कार्यों को पूर्ण किया जा चुका था उसकी अवशेष धनराशि ततसमय ही ग्राहक विभाग को वापस कर दी जानी चाहिए थी धनराशि को इतने लंबे समय तक अवरुद्ध रखे जाने का कोई औचित्य नहीं था । इस प्रकार इकाई द्वारा निक्षेप कार्यों के अंतर्गत कुल रु. 442.09 लाख की धनराशि को अनावश्यक रूप से अवरुद्ध रखे जाने का प्रकरण प्रकाश मे लाया जाता है ।

**संलग्रक-1**

| विभाग का नाम | कार्य का नाम | धनराशि प्राप्ति का माह | 12/2018 को अवशेष धनराशि |
|---|---|---|---|
| उद्यान विभाग | उद्यान सचल केन्द्र सतबूंगा | 5/06 | 283795.00 |
| स्वान एन0आई0सी0 | स्वान केन्द्र वि0ख0 धारी | ,, | 104145.00 |
| युवा कल्याण विभाग | विकास भवन परिसर में युवा कल्याण कार्यालय निर्माण | 6/07 | 203508.00 |
| | युवा भवन भीमताल में मरम्मत एवं गेट निर्माण | 05/17 | 82239.00 |
| पुलिस विभाग | रामनगर में पुलिस क्षेत्रीय अधीक्षक कार्यालय /आवासीय भवन | 1/06 | 101332.00 |
| | नैनीताल में पुलिस लाईन व पुलिस कार्यालय का जीर्णोद्वार | 4/06 | 113520.00 |
| | फायर स्टेशन नैनीताल के भवन का निर्माण | 10/11 | 169426.00 |
| | पुलिसअधीक्षक क्षेत्रीय कार्यालय काठगोदाम में गैराज एवं तार बाड़ | 3/14 | 80000.00 |
| | पुलिस लाईन एवं थाना तल्लीताल एवं रामनगर में मरम्मत कार्य | 06/16 | 9800.00 |
| विभागीय कार्य | मुख्यअभियन्ता ग्रामीणनिर्माणविभाग कुमाऊंमण्डल के कार्यालयभवन निर्माण | 10/16 | 2466496.00 |
| पशुपालन विभाग | चारा बैंक नौलाधारा | 12/14 | 19104.00 |
| | पशु सेवा केन्द्र दौला बाजपुर का निर्माण | 02/15 | 168220.00 |
| | लघु पशु विकास प्रायोजना/एडीएच हल्द्वानी के अनावासीय भवन निर्माण | 03/15 | 652463.00 |
| सामुदायिक विकास योजना | वि0ख0 ओखलकांडा के आवासीय/अनावासीय भवन निर्माण | 4/08 | 543606.36 |
| | वि0ख0 बेतालघाट के कार्यालय भवन का निर्माण | 12/08 | 412159.00 |
| | विकासखण्ड हल्द्वानी के कार्यालय भवन निर्माण | 12/10 | 344703.00 |
| | वि0ख0 रामगढ़ में आवासीय भवन टाइप चतुर्थ का निर्माण। | 10/15 | 347987.00 |
| | वि0ख0 रामगढ़ में अनवासीय कार्यालय भवन का निर्माण | 06/16 | 5981620.00 |
| | विकास भवन भीमताल में सुदृढ़ीकरण का कार्य | 10/16 | 1223976.00 |
| पर्यटन विभाग | पलड़ा में सोमवारी बाबा गुफा सौन्दर्यीकरण | 4/08 | 79525.00 |
| | भवाली अल्मोड़ा मार्ग में स्थित रामगाढ़ जल प्रपात सौन्दर्यीकरण | 6/05 | 2109659.00 |
| | सिलटौना में सांस्कृतिक मंच | ,, | 147068.00 |
| | रूपपुर में शिव मंदिर का सौन्दर्यीकरण | ,, | 174880.00 |
| | देवगुरू बृहस्पति मंदिर का सौन्दर्यीकरण | ,, | 83203.00 |
| | कोटाबाग में सीताबनी मंदिर परिसर में कमलताल का सौन्दर्यीकरण | 12/11 | 200000.00 |
| | रिक्शास्टैण्ड में भीमरावअम्बेडकरजी की प्रतिमा का निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण | 5/13 | 195648.00 |
| | कालिका मंदिर खुरियाखत्ता का सौन्दर्यीकरण | ,, | 97401.00 |
| | रा0औ0 आस्थान हल्द्वानी में पार्क एवं बच्चों के झूले का निर्माण | 02/14 | 179902.00 |
| | बेतालघाट के सिमलगांव स्थित देवी मंन्दिर का सौन्दर्यीकरण | ,, | 200000.00 |
| | रामगढ के ग्रामहरिनगर स्थित अम्बेडकर भवन की मरम्मत एवं सौन्दर्यीकरण | 03/14 | 200000.00 |
| | कोटाबाग में पार्क का निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण | 08/16 | 200000.00 |
| शिक्षा विभाग | जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में आवासीय भवन निर्माण | ,, | 913881.00 |
| | रा0इ0का0 दौलिया का निर्माण | ,, | 215901.00 |
| | रा0क0इ0का0 कालाढूंगी में प्रयोगशाला | 3/10 | 98910.00 |
| | रा0क0इ0का0 कालाढूंगी में प्रयोगशाला | ,, | 168818.00 |
| | रा0इ0का0 ओखलकांडा में कामन कक्ष एवं शौचालय | 4/11 | 180752.00 |
| | रा0इ0का0 जोस्यूडा में कामन कक्ष एवं शौचालय | ,, | 190709.00 |
| | रा0इ0का0 पतलोट में कामन कक्ष एवं शौचालय | ,, | 96099.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | रा0इ0का0 ढोलीगांव में कामन कक्ष एवं शौचालय | ,, | 106726.00 |
| | रा0इ0का0 भीडापानी में कामन कक्ष एवं शौचालय | ,, | 141862.00 |
| | रा0इ0का0 धानाचूली में कामन कक्ष एवं शौचालय | ,, | 126914.00 |
| | रा0इ0का0 भटेलिया में कामन कक्ष एवं शौचालय | ,, | 139095.00 |
| | रा0इ0का0 सूपी में कामन कक्ष एवं शौचालय | ,, | 109680.00 |
| | रा0इ0का0 ल्वेशाल में कामन कक्ष एवं शौचालय | ,, | 88434.00 |
| | रा0इ0का0 पटुवाड़ागर में कामन कक्ष एवं शौचालय | ,, | 133092.00 |
| | रा0इ0का0 रौशिल में कामन कक्ष एवं शौचालय | ,, | 191288.00 |
| | रा0क0इ0का0 भीमताल में कामन कक्ष एवं शौचालय | ,, | 132010.00 |
| | रा0इ0का0 पुटगांव में कामन कक्ष एवं शौचालय | ,, | 81648.00 |
| | रा0इ0का0 बनफूलपुरा में कामन कक्ष एवं शौचालय | ,, | 100138.00 |
| | रा0इ0का0 ओखलकांडा में कक्षा कक्ष | ,, | 140444.00 |
| | रा0इ0का0 अमिया में कक्षा कक्ष | ,, | 121033.00 |
| | रा0इ0का0 ढेला में कक्षा कक्ष | ,, | 93956.00 |
| | रा0इ0का0 दौलतपुर में कक्षा कक्ष | ,, | 116170.00 |
| | रा0इ0का0 मोतीनगर में कक्षा कक्ष | ,, | 87723.00 |
| | जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की मरम्मत | ,, | 88915.00 |
| | डायट भीमताल में चाहरदीवारी | 11/12 | 85283.00 |
| | ल्वेशाल में चाहरदीवारी | ,, | 100000.00 |
| | रा0क0इ0का0 लालकुंआ के मुख्य भवन का निर्माण | 02/15 | 282283.00 |
| | रा0उ0मा0वि0 पुटगांव में शौचालय निर्माण | 03/15 | 77202.00 |
| | रा0इ0का0 डौनपरेवा में शौचालय निर्माण | ,, | 110530.00 |
| | रा0उ0मा0वि0 डोला में शौचालय निर्माण | ,, | 150432.00 |
| | रा0क0इ0का0 रामगढ़ में कक्षा कक्ष | ,, | 216009.00 |
| | रा0इ0का0 कालाढुंगी में भवन मरम्मत | ,, | 356207.00 |
| | पूरन सिंह मोहनसिंह इण्टर कालेज कंवुरपुर में खेल मैदान एवं भवन निर्माण | 5/15 | 173482.00 |
| राजस्व विभाग | तहसील धारी के आवासीय/अना0 भवन | 12/05 | 126089.00 |
| | पटवारी चौकी सलकुली तल्ली कुटौली | ,, | 737000.00 |
| | पटवारी चौकी सिमलखां | ,, | 116355.00 |
| | तहसील बेतालघाट के आवासीय भवनों का निर्माण | ,, | 790341.00 |
| | पटवारी चौकी मल्लीसेठी | ,, | 725491.00 |
| | पटवारी चौकी चांफी | ,, | 153155.00 |
| | पटवारी चौकी सिलौटीपंत | ,, | 785000.00 |
| | पटवारी चौकी पाण्डेगांव | ,, | 93897.00 |
| | कानूनगो चौकी प्यूडा छड़ा | 6/08 | 266869.50 |
| | कोश्याकुटौली के आवासीय भवनों का निर्माण | 4/13 | 110764.00 |
| सहकारिता विभाग | सहकारी साधन समिति ओखलकाण्डा में गोदाम निर्माण | 12/15 | 370519.00 |
| स्वास्थ्य विभाग | सामु0 स्वा0केन्द्र गरमपानी के आवासीय भवन | 10/06 | 418651.00 |
| | परिवार कल्याण उपकेन्द्र पाथरी | ,, | 175896.20 |
| | परिवार कल्याण उपकेन्द्र हरतोला | 10/06 | 147612.00 |
| | परिवार कल्याण उपकेन्द्र दाड़िमा | ,, | 191263.00 |
| | परिवार कल्याण उपकेन्द्र नौघर | ,, | 299795.00 |
| | परिवार कल्याण उपकेन्द्र कालाखेत | ,, | 141190.00 |
| | परिवार कल्याण उपकेन्द्र गेबुआ | ,, | 576800.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | परिवार कल्याण उपकेन्द्र सानड़ा | ,, | 117698.00 |
| | परिवार कल्याण उपकेन्द्र धारी | ,, | 170014.80 |
| | परिवार कल्याण उपकेन्द्र बूढीबना | ,, | 170993.00 |
| | परिवार कल्याण उपकेन्द्र दीनी | ,, | 231202.00 |
| | परिवार कल्याण उपकेन्द्र बिन्दखत्ता | 10/07 | 120130.00 |
| | परिवार कल्याण उपकेन्द्र दौलतपुर | ,, | 195003.00 |
| | रा0एलौ0चिकि0 डालकन्या का निर्माण | ,, | 103769.50 |
| | रा0एलौ0चिकि0 सिमलखां का निर्माण | 6/07 | 940622.00 |
| | रा0एलौ0चिकि0 कालाखेत का निर्माण | ,, | 195591.00 |
| | हल्द्वानी में होम्योपैथिक चिकित्सालय बसानी का निर्माण | 3/09 | 208719.00 |
| | रा0एलौ0चिकि0 धनियाकोट का निर्माण | 6/10 | 91384.00 |
| | रा0हो0 चिकित्सालय बसानी में आवासीय भवन निर्माण | 9/13 | 353716.00 |
| | रा0आयुर्वेदिक चिकित्सालय कालाआगर का निर्माण | 12/15 | 1598774.00 |
| स्पेशल कम्पोनेंट प्लान/समाज कल्याण | ग्राम पिठौली के अन्तर्गत दरमोली तोक फडका नदी में पुल | ,, | 195425.00 |
| | हरिनगर नथुवाखान के तोक तिमलधार बुरास पानी तक सी0 सी0 मार्ग | 4/08 | 113384.00 |
| | ग्राम हरिनगर में जनमिलन केन्द्र | ,, | 121004.50 |
| | ग्राम मोहनागांव में बारात घर | ,, | 89635.00 |
| | मुख्य मोटर मार्ग से खैरदा सैमज्यू मंदिर तक सी0सी0 मार्ग | ,, | 401672.00 |
| | मालधनचोड में पार्किंग स्थल तथा गार्ड रूम | 1/12 | 109814.00 |
| | रा0अनु0जाति छात्रावास पाईन्स में कक्ष | 3/12 | 480000.00 |
| | राजकीय आश्रम पद्वति विद्यालय बेतालघाट में भोजनालय का निर्माण | 02/15 | 515604.00 |
| | राजकीय आश्रम पद्वति विद्यालय बेतालघाट में क्रीडा स्थल का निर्माण | 7/15 | 82965.00 |
| | रा0औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रामनगर में शौचालय खण्ड | 06/16 | 161269.00 |
| बालविकासविभाग | रा0प्रा0वि0 हिम्मतपुर में ओंगनबाड़ी केन्द्र | ,, | 79315.00 |
| **दुग्ध** | लालकुआ में दुग्धशाला सुदृढीकरण एवं सर्विस ब्लाक निर्माण | 8/10 | 128767.00 |
| **रमसा** | रा0इ0का0 जौरासी में आर्ट एवं क्राफट कक्ष | ,, | 134540.00 |
| | रा0उ0मा0वि0 गरगडी में आर्ट एंव क्राफट कक्ष | ,, | 193824.00 |
| | रा0इ0का0 ओखलकांडा में पुस्तकालय | ,, | 196461.00 |
| | रा0इ0का0 कोटाबाग में पुस्तकालय | ,, | 166264.00 |
| | रा0इ0का0 लामाचौड में पुस्तकालय कक्ष | ,, | 156177.00 |
| | रा0इ0का0 नारायण्ड नगर कुसुमखेडा में प्रयोगशाला कक्ष | ,, | 80764.00 |
| | रा0इ0का0 राजपुरा में प्रयोगशाला कक्ष | ,, | 136744.00 |
| | रा0इ0का0 पटुवाड़ागर में पुस्तकालय कक्ष | ,, | 173263.00 |
| | रा0इ0का0 बेतालघाट में 2 कक्षा कक्ष | ,, | 88879.00 |
| | रा0उ0मा0वि0 सतबूंगा में प्रयोगशाला कक्ष | ,, | 87519.00 |
| | रा0इ0का0 ज्सयूडा में शौचालय खण्ड | ,, | 109785.00 |
| | रा0उ0मा0वि0 पश्या में प्रयोगशाला कक्ष | ,, | 189772.00 |
| | रा0उ0मा0वि0 कसियालेख में शौचालय खण्ड | ,, | 508177.00 |
| | रा0इ0का0 भटेलिया में आर्ट एंव क्राफट कक्ष | ,, | 175780.00 |
| | रा0इ0का0 कठघरिया मं संसाधन कक्ष | 12/11 | 170000.00 |
| | रा0जू0हाईस्कूल गुलरघट्टी के मुख्य भवन का निर्माण | 8/11 | 549621.00 |
| | रा0जू0हाईस्कूल गौनियारौ के मुख्य भवन का निर्माण | ,, | 402292.00 |
| | रा0जू0हाईस्कूल ककोड़गांजा के मुख्य भवन का निर्माण | ,, | 422056.00 |
| | रा0क0इ0का0 कालाढूंगी में कक्षा कक्ष,विज्ञान प्रयोगशाला कम्प्यूटर कक्ष,आर्ट एंव क्राफट | ,, | 96483.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | कक्ष,पुस्तकालय कक्ष एवं शौचालय खण्ड निर्माण | | |
| | रा0उ0मा0वि0 कमोला में कक्षाकक्ष,कम्प्यूटरकक्ष, एवं शौचालय खण्ड निर्माण | ,, | 177893.00 |
| | रा0इ0का0 रामनगर में 4कक्षाकक्ष,कम्प्यूटर कक्ष, एवं शौचालय खण्ड निर्माण | ,, | 103777.00 |
| | रा0उ0मा0वि0 सुरंग ओखलकांडा में मुख्य भवन का निर्माण | '' | 544268.00 |
| **दैवीय आपदा** | सुभाष मार्ग इन्द्रानगर द्वितीय का पुनर्निर्माण | 4/06 | 174822.40 |
| | डा0सुशीला तिवारी मार्ग घोडानाला पुनर्निर्माण | ,, | 225040.00 |
| | डा0सुशीला तिवारी मार्ग पुनर्निर्माण | 8/06 | 337598.40 |
| | सं0मार्ग खैरनी विकासपुरी एवं टाली लाईन बिन्दुखत्ता मार्ग पुनर्निर्माण | ,, | 492455.34 |
| | ग्रा0पं0 छीमी मटेला में नाले के दोनो ओर क्षतिगस्त मार्ग पुनर्निर्माण | ,, | 198448.00 |
| | रा0पा0वि0 फतताबंगर भगवानपुर के भवन का पुनर्निर्माण | ,, | 92793.00 |
| | रा0प्रा0वि0 सुवाकोट पोखरी के भवन का पुनर्निर्माण | ,, | 94873.00 |
| | रा0प्रा0वि0 लदवानी के भवन का पुनर्निर्माण | ,, | 174472.00 |
| | रा0प्रा0वि0 पन्याली के भवन का पुनर्निर्माण | ,, | 148039.00 |
| | रा0प्रा0वि0 मज्यूली के भवन का पुनर्निर्माण | ,, | 83395.00 |
| | खपाल गधेरे में पुलिया मरम्मत | ,, | 305575.00 |
| विधायक निधि | डा0सुशीला तिवारी मार्ग बिन्दुखत्ता | 12/05 | 144960.00 |
| | हल्द्वानी केअन्तर्गत रामपुररोड गलीन03 में भोलादत्त के मकान में सी0सी0 | 7/11 | 103664.00 |
| | हल्द्वानी में डिफेंस कालोनी हिम्मतपुर तल्ला में सम्पर्क मार्ग फेज–2 | ,, | 264293.00 |
| नगर निगम | शहीदस्मारक हल्द्वानी में,पार्कसौन्दर्यीकरण, बाउड्रीवाल एवं गेट का निर्माण | 12/15 | 119868.00 |
| | | | 442,09,605 |

## भाग-III

**विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण:-**

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | अनिस्तारित प्रस्तरों की कुल संख्या | भाग-II 'अ' प्रस्तर संख्या | भाग-II 'ब' प्रस्तर संख्या | STAN |
|---|---|---|---|---|
| ss/ AIR- 34/ 1988- 89 | 2 | 1, 4 | --- | --- |
| ss/ AIR- 33/ 1992-93 | 1 | 1 | --- | --- |
| ss/ AIR- 29/ 1993- 94 | 2 | 1, 3 | --- | --- |
| ss/ AIR- 187/ 1995- 96 | 1 | --- | 2 | --- |
| ss/ AIR- 111/ 1996-97 | 4 | 1 | 1, 2, 3 | --- |
| ss/ AIR- 04/ 2001- 02 | 4 | --- | 1, 2,3, 4 | --- |
| ss/ AIR- 65/ 2004-05 | 1 | 1 | --- | --- |
| ss/ AIR- 84/ 2005- 06 | 3 | 1,2,3 | --- | --- |
| ss/ AIR- 64/ 2010- 11 | 1 | 2 | --- | --- |
| ss/ AIR- 120/ 2014- 15 | 4 | 1 | 1, 2, 3 | --- |
| ss/ AIR- 104/ 2016- 17 | 2 | --- | 1, 2 | --- |
| ss/ AIR- 203/ 2017- 18 | 5 | --- | 1, 2,3, 4 | शून्य |

विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्याः

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | प्रस्तर संख्या लेखापरीक्षा प्रेक्षण | अनुपालन आख्या | लेखापरीक्षा दल की टिप्पणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| ss/ AIR- 34/ 1988- 89 | भाग- 2'अ' प्रस्तर सं- 1,4<br>भाग- 2'ब' प्रस्तर सं- nil | लंबित ऑडिट प्रस्तरों की अनुपालन आख्या उच्चाधिकारियों के अनुमोदन पश्चात लेखापरीक्षा को प्रेषित की जायेगी। | प्रस्तर यथावत रखा जाता है। | -- |
| ss/ AIR- 33/ 1992-93 | भाग- 2'अ' प्रस्तर सं- 1<br>भाग- 2'ब' प्रस्तर सं- nil | तदैव | तदैव | -- |
| ss/ AIR- 29/ 1993- 94 | भाग- 2'अ' प्रस्तर सं- 1,3<br>भाग- 2'ब' प्रस्तर सं- nil | तदैव | तदैव | --- |
| ss/ AIR- 187/ 1995- 96 | भाग- 2'अ' प्रस्तर सं- nil<br>भाग- 2'ब' प्रस्तर सं- 2 | तदैव | तदैव | --- |
| ss/ AIR- 111/ 1996-97 | भाग- 2'अ' प्रस्तर सं- 1<br>भाग- 2'ब' प्रस्तर सं- 1,2,3 | तदैव | तदैव | --- |
| ss/ AIR- 04/ 2001- 02 | भाग- 2'अ' प्रस्तर सं- nil<br>भाग- 2'ब' प्रस्तर सं- 1,2,3,4 | तदैव | तदैव | --- |
| ss/ AIR- 65/ 2004-05 | भाग- 2'अ' प्रस्तर सं- 1<br>भाग- 2'ब' प्रस्तर सं- nil | तदैव | तदैव | --- |
| ss/ AIR- 84/ 2005- 06 | भाग- 2'अ' प्रस्तर सं- 1,2,3<br>भाग- 2'ब' प्रस्तर सं- nil | तदैव | तदैव | --- |
| ss/ AIR- 64/ 2010- 11 | भाग- 2'अ' प्रस्तर सं- 2<br>भाग- 2'ब' प्रस्तर सं- nil | तदैव | तदैव | --- |
| ss/ AIR- 120/ 2014- 15 | भाग- 2'अ' प्रस्तर सं- 1<br>भाग- 2'ब' प्रस्तर सं- 1,2,3 | तदैव | तदैव | --- |
| ss/ AIR- 104/ 2016- 17 | भाग- 2'अ' प्रस्तर सं- nil<br>भाग- 2'ब' प्रस्तर सं- 1,2 | तदैव | तदैव | --- |
| ss/ AIR- 203/ 2017- 18 | भाग- 2'अ' प्रस्तर सं- nil<br>भाग- 2'ब' प्रस्तर सं- 1,2,3,4 | तदैव | तदैव | STAN प्रस्तर-01 निस्तारित किया गया। |

## <u>भाग-IV</u>

## इकाई के सर्वोत्तम कार्य

.................................. शून्य .....................................

## भाग-V

## आभार

**1).** कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून, लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना संबंधी सहयोग सहित मांगे गये अभिलेख एवं सूचनांए उपलब्ध कराने हेतु अधिशासी अभियंता, ग्रामीण निर्माण विभाग, विकास भवन परिसर, प्रखण्ड- नैनीताल (स्थित भीमताल) तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है तथापि लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गयेः-

**अप्रस्तुत अभिलेख:** शून्य

**2). सतत् अनियमितताएः** शून्य

**3).** लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयाध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गया :

| **नाम** | **पदनाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| ई. प्रमोद गंगाडी | अधिशासी अभियंता | विगत लेखापरीक्षा से 30.01.2018 तक |
| ई. अमित भारतीय | तथैव | 31.01.2018 से 12.06.2018 तक |
| ई. तेजपाल | तथैव | 12.06.2018 से अब तक |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएं जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति अधिशासी अभियंता, ग्रामीण निर्माण विभाग, विकास भवन परिसर, प्रखण्ड- नैनीताल (स्थित भीमताल) को इस आशय से प्रेषित कर दी गयी, जिसकी प्राप्ति के एक माह के अन्दर अनुपालन आख्या सीधे "उप-महालेखाकार/ सामाजिक क्षेत्र, कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखंड, महालेखाकार भवन, कौलागढ़, देहरादून- 248001" को प्रेषित कर दी जाय।

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/सा.क्षे.**